पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सिविल लाईन्स रायपुर-492001

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की स्थानीय वाहिनियों के लिये आरक्षक (जीडी) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक पात्र पुरूष उम्मीद्वारों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

(1)- रिक्तियों का विवरण :-

(अ) छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की स्थानीय वाहिनियों की रिक्तियाँ निम्नानुसार है :-

| कुल रिक्तियाँ | आरक्षक(जीडी) रिक्त पदों का जातिवार विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 1781 | 740 | 214 | 582 | 245 |

नोट :-

1. विज्ञापित पदों में नियमानुसार 10 प्रतिशत पद भूतपूर्व सैनिक एवं 25 प्रतिशत पद नगर सैनिक के लिए आरक्षित है।
2. केवल तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले नगर सैनिक को ही, नगर सैनिक कोटे में आरक्षण की पात्रता होगी।
3. विज्ञापित पदों में वृद्धि या कमी हो सकती है।
4. आरक्षण :-भर्ती में राज्य शासन द्वारा समय-समय पर आरक्षण संबंधी जारी नियम लागू होंगे।

(2)- वेतनमान :-

1. आरक्षक (जीडी) का वेतनमान रू. 5200-20200/- एवं ग्रेडवेतन 1900/- तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत देय भत्ते।

(3)- आयु :- सामान्य जाति के उम्मीद्वार की आयु दिनांक 01.01.2015 को 18 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर) के उम्मीद्वारों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट प्रदान की जावेगी। छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी/भूतपूर्व सैनिक/स्वयं सेवी नगर सैनिको/शहीद राजीव पाण्डेय पुरूस्कार/गुण्डाधुर सम्मान, महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव सम्मान एवं राष्ट्रीय युवा पुरूस्कार विजेता खिलाड़ियों को भर्ती नियम अनुसार उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जावेगी जिसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जावेगा।

(4)- शैक्षणिक अर्हता :- 10+2 प्रणाली के अंतर्गत 10वीं कक्षा अथवा हायर सेकेण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश राज्य स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है, (केवल अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर भी पात्र होंगे), प्रदेश में नक्सल पीड़ित परिवार तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के राहत शिविरों में निवासरत परिवार से संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थी 5वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर भी पात्र होंगे।

(5)- शारीरिक अर्हता :-

| क्र. | विवरण | आरक्षक (जीडी) के लिये | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ऊँचाई से.मी. | वक्ष (सीना) से.मी. में | |
| | | | अविस्तारित | पूर्णतः विस्तारित किये जाने पर |
| 1. | सामान्य जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग | 168 | 81 | 86 |
| 2. | अनुसूचित जाति, मराठा | 165 | 79 | 84 |
| 3. | गोरखा, गढ़वाली तथा कुमाऊँ | 158 | 76 | 81 |
| 4. | दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, बस्तर, उत्तर बस्तर कांकेर, (नवगठित जिला कोण्डागाँव एवं सुकमा) कोरिया, सरगुजा, जशपुर, (नवगठित जिला सूरजपुर एवं बलरामपुर) जिले के अनुसूचित जनजाति पुरूष अभ्यर्थी के लिये | 153 | 79 | 84 |
| 5. | छत्तीसगढ़ राज्य स्थित शेष राजस्व जिलों के अ.ज.जा. अभ्यर्थी के लिये | 158 | 79 | 84 |

- अभ्यर्थी का सीना फुलाने एवं बिना फुलाने में कम से कम 5 से.मी. का अंतर होना आवश्यक है जिसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

नोटः-

1. अभ्यर्थी शारीरिक रूप से अपंग नहीं होना चाहिए।
2. अभ्यर्थियों में नॉक् नी, फ्लेट फूट नहीं होना चाहिए। सभी अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिए। सक्षम प्राधिकारी उपरोक्त कारणों से अनुपयुक्त ठहराये गये अभ्यर्थियों के संबंध में निर्णय ले सकेगा तथा आवश्यक होने पर जिला चिकित्सा अधिकारी से परामर्श ले सकेगा।
3. अभ्यर्थी को आँखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिए । आँखों की दृष्टि एक आँख की दृष्टि 6/9 तथा दूसरी आँख की 6/12 होना चाहिए, मुख्य रंगो में भेद करने में अभ्यर्थी को सक्षम होना चाहिए।

(6)- भर्ती संबंधी अन्य जानकारी :-

अ. विक्रय मूल्य :-

1. अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग :- रू. 200/-
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति :- रू. 125/-

नोट - अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थी को आवेदन-पत्र क्रय करते समय जाति प्रमाण-पत्र की मूलप्रति दिखानी होगी) ।

ब. <u>आवेदन-पत्र विक्रय/जमा केन्द्र एवं भर्ती स्थल</u> :-

1. अभ्यर्थी निम्नांकित आवेदन-पत्र विक्रय केन्द्रों में से किसी भी विक्रय केन्द्र से (शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर) कार्यालयीन समय में (समय 10:30 से 17:30 तक) कोरे आवेदन-पत्र क्रय कर सकेगा तथा भरे हुये आवेदन-पत्र स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकेगा। आवदेन-पत्र जिस विक्रय केन्द्र से क्रय किया गया है उसी विक्रय केन्द्र पर भरा हुआ आवेदन-पत्र जमा किया जाना आवश्यक होगा जो संबंधित आवेदक का भर्ती केन्द्र भी होगा :-

| | |
|---|---|
| 1 | प्रथम वाहिनी छ.स.बल, भिलाई जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)<br>दूरभाष क्र.-0788-2293743 |
| 2 | 2री वाहिनी छ.स.बल, सकरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)<br>दूरभाष क्र.-07752-283319 |
| 3 | 4थी वाहिनी छ.स.बल, माना, रायपुर (छत्तीसगढ़)<br>दूरभाष क्र.-0771-2418079 |
| 4 | 5वीं वाहिनी छ.स.बल, जगदलपुर, बस्तर (छत्तीसगढ़)<br>दूरभाष क्र.-07782-222610 |
| 5 | 10वीं वाहिनी छ.स.बल, सरगुजा (छत्तीसगढ़)<br>दूरभाष क्र.-07775-267280 |

नोट :-

1. स्थानीय वाहिनियों में रिक्त आरक्षक (जीडी) के पदों की पूर्ति के लिये चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित (सामान्य)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उपरोक्तानुसार भर्ती केन्द्र स्थापित किये गये हैं।
1. अभ्यर्थी, आवेदन-पत्र एवं ओ.एम.आर. फार्म के सभी कॉलमों की पूर्ति कर निर्धारित स्थानों पर अपना हस्ताक्षर करने के बाद ही जमा करेंगे, तथा यह सुनिश्चित कर लेंगे कि आवेदन-पत्र के साथ समस्त वांछित प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें अनावश्यक प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति संलग्न न करें।
2. डाक, रजिस्ट्री या वी.पी.पी. से भेजे गये अथवा छायाप्रति/कम्प्युटर या टाईपिंग से निर्मित आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

(7)- <u>चयन प्रक्रिया</u> :- आरक्षक (जीडी) चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में संपादित की जावेगी, जिसमें शारीरिक नापतौल, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा सम्मिलित है।

प्रथमतः आवेदन-पत्रों की छानबीन की जावेंगी तथा छानबीन में पात्र अभ्यर्थियों का शारीरिक नापजोख किया जावेगा। शारीरिक नापजोख में पात्र पाये गये समस्त अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले सकेंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षा 150 अंको की होगी जिसके अन्तर्गत 400 मीटर एवं 1500 मीटर तथा 5 किलोमीटर की दौड़ होगी।

अभ्यर्थी को तीनों प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा हेतु सिर्फ एक ही अवसर प्रदान किया जावेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा में पात्र होने के लिये सामान्य जाति के अभ्यर्थियों को निर्धारित 150 अंकों में से 75 अंक (50%) तथा अ.जा., अ.ज.जा. एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 60 अंक (40%) अर्जित करना अनिवार्य होगा। भर्ती प्रक्रिया के अन्तिम चरण में लिखित परीक्षा नियमानुसार आयोजित की जावेगी ।

(8)- भर्ती कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है :-

| क्र. | विवरण | प्रस्तावित तिथि/माह |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन-पत्र विक्रय | 30.03.2015 से 20.04.2015 |
| 2 | भरे हुये आवेदन-पत्र जमा करने की तिथि | 30.03.2015 से 20.04.2015 |
| 3 | प्रमाण-पत्रों की छानबीन एवं शारीरिक मापतौल तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा | 25.04.2015 से 04.05.2015 |

(9)- <u>अन्य निर्देश</u> :-

1. विस्तृत शर्तें एवं आयु संबंधी प्रावधान, शैक्षणिक योग्यता व परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी आवेदन-फार्म के साथ संलग्न विवरणिका में उपलब्ध है, जिसे पूर्णरूपेण पढ़ने के बाद ही फार्म भरा जाये। त्रुटिपूर्ण एवं अधुरे भरे फार्म अमान्य कर दिये जावेंगे ।

2. भर्ती के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित भर्ती केन्द्र/इकाई के दूरभाष क्रमाँक से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

3. भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी, शारीरिक मापतौल/ शारीरिक दक्षता परीक्षा/ लिखित परीक्षा प्रवेश-पत्र की उपलब्धता छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाईट www.cgpolice.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक
छ.स.बल मुख्यालय, रायपुर